आईआईटी में जापानी भाषा पर हुई वर्कशॉप

# जापान दुनिया का सबसे सभ्य देश, यहां माफी मांगने के लिए 20 से ज्यादा हैं तरीके



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में जापानी भाषा पर वर्कशॉप हुई। इसमें कोबायाशी नोरी और हिरोका ओजाकी ने जापानी भाषा के बेसिक्स के बारे में स्टूडेंट्स को बताया। कोबायाशी नोरी आईआईटी मद्रास में जापानी भाषा की अतिथि व्याख्याता हैं। हिरोका ओजाकी जापान फाउंडेशन ऑफिस नई दिल्ली में जापानी भाषा ट्रेनर हैं। उन्होंने बताया, जापान दुनिया का सबसे सभ्य देश है। यहां माफी मांगने के लिए ही 20 से ज्यादा तरीके हैं। जापानी भाषा दुनिया की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है।

कोबायाशी नोरी ने दैनिक जीवन और जापानी अभिवादन में उपयोग किए जाने वाले बुनियादी जापानी शब्द सिखाए। बातचीत सत्र में सभी को ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने कहा, द जापान फाउंडेशन द्वारा



विकसित ऑनलाइन सामग्री का उपयोग कर कोई भी जापानी भाषा सीख सकता है।

Patrika (Indore), 3rd March 2019, Patrika Plus, Page-20